गोदि दिनांक 11-07-2017
क्रमांक 59
ड्रेस कोड

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी – 263139 (नैनीताल)

फोन नं0 : 05946–240555,240666,240777
Mail-highereducation.director@gmail.com

पत्रांक संख्या : डिग्री सेवा/नि0का0/4070–4190/2017–18(P.S.) दिनांक: 15 जून 2017

सेवा में,

समस्त प्राचार्य,
राजकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
उत्तराखण्ड।
समस्त प्राचार्य,
अशासकीय/सहायता प्राप्त महाविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

विषय : **शिक्षा सत्र 2017–18 से महाविद्यालय में ड्रेस कोड लागू करने के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशालय के पूर्व प्रेषित पत्रांक संख्याः डिग्री सेवा/नि0का0/2705/ 2017–18(P.S.) दिनांक 29 मई 2017 का अवलोकन करने का कष्ट करते हुए अनुरोध है कि माननीय उच्च शिक्षा मॅत्री जी के द्वारा दिये गये निर्देशों के आलोक में शिक्षा सत्र 2017–18 से विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड लागू करने के सम्बन्ध में निर्देश निर्गत किये गये है।

दिनांकः 19 अप्रैल, 2017 को नैनीताल में प्राचार्यों के सम्मेलन में सभी प्राचार्यों ने इस हेतु सहमति व्यक्त की थी। इसे कार्यरूप में परिणित करने के लिए यह निश्चित किया गया है कि छात्र–छात्राओं की ड्रेस को निम्न प्रकार प्रस्तावित किया गया है।

1. छात्रों हेतु – नेवीब्ल्यू पेंट और आसमानी कमीज/ब्राउन पेंट और क्रीम कलर की कमीज/ग्रे पेंट और सफेद कमीज
2. छात्राओं हेतु– नेवीब्ल्यू कमीज और सफेद सलवार एवं दुपट्टा/ब्राउन कमीज और क्रीम कलर की सलवार एवं दुपट्टा/ ग्रे कमीज ओर सफेद सलवार दुपट्टा।

प्राचार्यो से अनुरोध है कि महाविद्यालय में एक समिति का गठन कर छात्र–छात्राओं द्वारा महाविद्यालय में पहनी जाने वाली ड्रेस/परिधान के रंग का चयन उपरोक्त रंगो में से करते हुए महाविद्यालय की प्रवेश विवरणिका में भी उल्लेख करें। यह भी सुनिश्चित करें कि प्राचार्य/शिक्षक/शिक्षिकायें/ छात्र–छात्रायें शालीन परिधान पहनकर महाविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन कार्य सम्पादित करें।

भवदीय,

(डॉ0बी0सी0 मेलकानी)
निदेशक,उच्च शिक्षा,
उत्तराखण्ड,हल्द्वानी(नैनीताल)।

पृ0सं0 : डिग्री सेवा/नि0का0/ /2017–18(P.S.) तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि

1–निजी सचिव,माननीय उच्च शिक्षा मॅत्री,उत्तराखण्ड सरकार को मा0 उच्च शिक्षा मॅत्री जी के अवलोकन हेतु प्रेषित ।

2–अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड सरकार को सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ0बी0सी0 मेलकानी)
निदेशक,उच्च शिक्षा,
उत्तराखण्ड,हल्द्वानी(नैनीताल)।

प्राप्ति दिनांक 11-07-2017
क्रमांक 60
ड्रेस कोड

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी – 263139 (नैनीताल)

फोन नं0 : 05946–240555,240666,240777
Mail-highereducation.director@gmail.com

पत्रांक संख्या : डिग्री सेवा/ 5506 /2017–18(P.S.) दिनांकः 10 जुलाई 2017

सेवा में,

प्राचार्य,
राजकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

विषय : शिक्षा सत्र 2017–18 से महाविद्यालय में ड्रेस कोड लागू करने तथा प्रतिदिन राष्ट्रगान तथा राष्ट्रगीत गाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय निदेशालय के पत्रांक संख्या डिग्री सेवा/नि0का0/2705/2017–18(P.S.) दिनांक 29 मई 2017 जिसके द्वारा माननीय उच्च शिक्षा मॅंत्री जी के निर्देशों के कम में राष्ट्रीय ध्वज को नियमित रूप से प्रतिदिन फहराये जाने और प्रातः राष्ट्रगान तथा सायॅंकाल को राष्ट्रगीत गाने के निर्देश दिये गये हैं उपरोक्त के कम मे पुनः आपको निर्देशित किया जाता है कि पूर्व प्रेषित आदेशों का कडाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

निदेशालय के पत्रांक संख्याःडिग्री सेवा/नि0का0/4070–4190/2017–18(P.S.) दिनांक 15 जून 2017 के द्वारा महाविद्यालयों में छात्र तथा छात्राओं हेतु ड्रेस कोड लागू करने के निर्देशित किये गये थे। पत्र की प्रतिलिपि पुनः संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।(संलग्नक–01)

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि माननीय मॅंत्री जी के निर्देशों का कडाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें ।

इस सम्बन्ध में प्राचार्यो की व्यक्तिगत रूचि अपेक्षित है।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)
(डॉ0बी0सी0 मेलकानी)
निदेशक,उच्च शिक्षा,
उत्तराखण्ड,हल्द्वानी(नैनीताल)।

पृ0सं0 : डिग्री सेवा/ /2017–18(P.S.) तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव,माननीय उच्च शिक्षा मॅंत्री,उत्तराखण्ड सरकार को मा0 उच्च शिक्षा मॅंत्री जी के अवलोकन हेतु प्रेषित ।

(डॉ0बी0सी0 मेलकानी)
निदेशक,उच्च शिक्षा,
उत्तराखण्ड,हल्द्वानी(नैनीताल)।